## रामचरितमानस पाठ का समापन

**भीलवाड़ा।** श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित 30 घंटे अखण्ड श्री रामचरितमानस पाठ का आज श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हुआ। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ कमाया।

भक्तिमय वातावरण और पूर्णाहुति : कार्यक्रम का शुभारंभ कल विधि-विधान से पूजन और हनुमान जी के आ ान के साथ हुआ था। 30 घंटे तक चले इस अखंड पाठ के दौरान पूरा क्षेत्र राम नाम के जयकारों से गूंज उठा। आज दोपहर हवन और आरती के साथ पाठ की पूर्णाहुति की गई, जिसमें भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ आहुतियां दीं।

विशाल प्रसादी वितरण : पाठ के समापन के उपरांत संस्थान द्वारा विशाल प्रसादी (भंडारे) का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में उमड़े सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रभु का प्रसाद ठाहण किया। संस्थान के प्रचार मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर हर वर्ष इस तरह के आयोजन किए जाते हैं ताकि समाज में सेवा और भक्ति का संदेश जा सके।

प्रमुख उपस्थिति : इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र मूंदड़ा संरक्षक धनराज जाजू , संजय झंवर, राजेश सिंहाग, परमेश्वर शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, बालकिशन पाराशर,श्रवण शर्मा, राजेश शर्मा, मुकेश अठावाल, संजय निर्मल, छोटू सिंह भाटी, युवराज, धर्मवीर पुनिया, हरीश गंर्धव, दीपक शर्मा, कमलेश जागेटिया,राम पहलाद शर्मा.पंकज अठावाल, राजू शर्मा, तुलसीराम माली, नवीन झंवर, दीपक माहेश्वरी, नवीन खण्डेलवाल, जयंत शर्मा, ब्रह्मानन्द वैष्णव और सुनील कोठारी, आनंदी राम, अनिल पटवारी,सहित संस्थान के अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया।

# अजमेर मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में रचा सफलता का नया कीर्तिमान

■ माल लदान, समयपालनता और रेल राजस्व में ऐतिहासिक बढ़ोतरी

**अजमेर,( कासं )।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने मंडल कार्यालय के 'संवेग' सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीता वित्तीय वर्ष बुनियादी ढांचे के विस्तार, यात्री सुविधाओं में सुधार, माल परिवहन, समयपालनता और राजस्व सृजन के लिहाज से ऐतिहासिक रहा है।

मंडल ने इस अवधि में 1,976.04 करोड़ रुपये की कुल सकल आय अर्जित कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। यह उपलब्धि मंडल के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड मानी जा रही है।

समयपालनता के क्षेत्र में भी अजमेर मंडल ने अपनी श्रेष्ठता बनाए रखी है। पूरे भारतीय रेल नेटवर्क में मंडल ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए 97.75 प्रतिशत की समग्र समयपालनता दर्ज की। इसमें मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों की समयपालनता 97.80 प्रतिशत तथा यात्री ट्रेनों की 98.03 प्रतिशत रही। माल लदान के क्षेत्र में भी मंडल ने नया इतिहास रचा है। वर्ष 2002 में स्थापना के बाद पहली बार अजमेर मंडल ने 10.29 मिलियन टन माल लदान का आंकड़ा पार किया, जो अब तक का सर्वाधिक वार्षिक लदान है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य जारी है, जिनमें से अधिकांश परियोजनाएं अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। यात्री सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए इन स्टेशनों पर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मंडल ने विशेष पहल की है। ऊर्जा बचत के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं तथा स्टेशनों पर शून्य अपशिष्ट नीति को लागू कर स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन को बढ़ावा दिया गया है। 'रेल मदद' सेवा के तहत अजमेर मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेहतर प्रतिक्रिया (76.12 प्रतिशत) के मामले में भारतीय रेलवे में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं असंतोषजनक प्रतिक्रिया को नियंत्रित रखने में भी मंडल शीर्ष तीन में रहा है। शिकायतों के निपटान का औसत समय 17 मिनट दर्ज किया गया, जो उत्तर पश्चिम रेलवे में सबसे कम है। राजू भूतड़ा ने इस सफलता का श्रेय मंडल के सभी रेलकर्मियों की मेहनत और यात्रियों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में 'सुरक्षा पहले, यात्री पहले' के संकल्प के साथ अजमेर मंडल और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। अजमेर में बन रहे ओवरब्रिज व अंडरपास के कार्यो में देरी के सवाल पर डीआरएम भूतडा ने कहा कि गुलाबबाडी फाटक अंडरपास दिसम्बर 2026 तक बनकर तैयार होने की उम्मीद है, उन्होने कहा कि सुभाषनगर व डेयरी फाटक पर बन रहे ओवरब्रिज के सवाल पर उन्होने कहा कि उक्त कार्य राज्य सरकार की एजेंसी आरएसआरडीसी व अन्य एजेंसियां कार्य कर रही है। अजमेर रेलवे मंडल द्वारा इन सभी कामों पर निर्माण विभाग द्वारा निगरानी रखी जा रही है और ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य में आने वाली समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान भी किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक विकास बूरा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रेम रंजन ठाकुर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## अद्वैत सेंटर के बच्चों ने मित्तल मॉल में लिया आनंद

**अजमेर, ( कासं )।** विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के अवसर पर अद्वैत अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, अजमेर द्वारा एक संवेदनशील एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समावेशन, समझ और सामाजिक सहभागिता का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सेंटर के बच्चों को अजमेर स्थित मित्तल मॉल ले जाया गया, जहाँ उनके लिए अनुकूल एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया गया।

### कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक: 69A/2025-26/14188 **आम सूचना** दिनांक-30.03.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विष्णु प्रकाश कुमावत पुत्र श्री हरी राम निवासी लक्ष्मी विला चांग गेट ब्यावर ने 69 ए के तहत आवेदन प्रस्तुत कर नगर परिषद ब्यावर की सीमा में स्थित जायदाद म्यु. नं. 41, मकान नं. 44(1) कुशल नगर, कॉलेज मार्ग, ब्यावर क्षेत्रफल 174.42 वर्गमीटर का मिश्रित पट्टा लेने बाबत आवेदन किया है।

अत: उपरोक्त को वाणिज्यिक पट्टा विलेख जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। - आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

### कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.बि/निर्माण.स्वी./2026/42 **आम सूचना** दिनांक:1-4-26

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाइल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 223 | गीता देवी पत्नि पुखराज खाती | सुखदेव कॉलोनी ख.सं. 170, 171 भू.सं. 69 | 150.96 SQ.Yard | आवासीय |
| 224 | राहुल सेन पुत्र महेन्द्र कुमार | निकिता पार्श्वनाथ कॉलोनी 1050/79 भू.सं. 11 | 90.80 SQ.Yard | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

### कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.बि/नामा/2025/45 **आम सूचना** दिनांक:1-4-26

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

नामान्तरण

| फाइल नं. | आवेदक नाम | मूल आवंटी/ नामान्तरण | भूखंड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 527 | राजेन्द्र कुमार जैन पुत्र राम जैन | चन्देश देवी पत्नि तेजराज जैन | कन्हैया कॉलोनी ख.सं. 71 मिन 72 मिन,73 से 78, 88, 89 मिन, 90 मिन भू.सं. 55 व 56 का दक्षिणी हिस्सा | 94.44 SQ.Yard | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

### कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.बि/नामा/2025/6985 **आम सूचना** दिनांक:25-3-26

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

नामान्तरण

| फाइल नं. | आवेदक नाम | मूल आवंटी/ नामान्तरण | भूखंड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 513 | शिवप्रसाद वैष्णव पुत्र जगदीश प्रसाद वैष्णव | सुखदेव वैष्णव पुत्र बद्रीलाल वैष्णव | आबादी क्षेत्र चौसला | 88.83 SQ.Yard | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

# हनुमान जन्मोत्सव पर गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

■ विशेष श्रृंगार, सुंदरकांड पाठ और छप्पन भोग की झांकियों से सजा धार्मिक माहौल

**अजमेर, ( कासं )।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को अजमेर शहर सहित पूरे जिले में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। संकट मोचन हनुमानजी के जन्मोत्सव को लेकर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा शहर 'जय श्रीराम' व 'बजरंगबली की जय' के जयकारों से गूंज उठा।

शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों, बजरंगगढ़ बालाजी, घाटी वाले बालाजी, नया बाजार तथा आगरा गेट स्थित मंदिरों में तड़के से ही भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव के विशेष अवसर पर महाआरती की गई, जिसके बाद हनुमानजी के जन्मोत्सव को प्रतीकात्मक रूप से केक काटकर मनाया गया। इस दौरान छप्पन भोग की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

मराठा कालीन श्री पंचमुखी हनुमान एवं श्री वैभव महालक्ष्मी मंदिर, शिव सागर आगरा गेट में भी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन किए गए। यहां प्रात: 5रू30 बजे मंगला आरती के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसके बाद विशेष पूजा-अभिषेक, दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव महाआरती, प्रसाद वितरण और फूल बंगला झांकी सजाकर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। पूरे दिन मंदिरों में भक्ति रस की धारा बहती रही और श्रद्धालु भजनों के माध्यम से भगवान श्रीराम और हनुमान जी को रिझाते नजर आए।

# पीएम श्री बालिका विद्यालय गुलाब बाड़ी का शानदार परीक्षा परिणाम

■ 17 गार्गी व 36 प्रोत्साहन पुरस्कार

**अजमेर।** पीएम श्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुलाब बाड़ी अजमेर ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परिणाम तीनों संकायों- कला, विज्ञान एवं वाणिज्य-में शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की शैक्षिणक गुणवत्ता और छात्राओं की मेहनत का प्रमाण है।

कक्षा 12वीं में कुल 36 बालिकाओं ने बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कला संकाय में आरती सैनी ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रेरणा धवन ने 87.90 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं पायल ने 85.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विज्ञान संकाय में गोरी देवल ने 87.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्षा जाटव ने 86.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा सरिता रावत ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय की समठा उपलब्धि और अधिक प्रभावशाली बनी।

कला संकाय से 11 छात्राओं को बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुआ, जबकि 46 छात्राएँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं। विज्ञान संकाय से 25 छात्राओं को यह पुरस्कार मिला और 42 छात्राएँ प्रथम श्रेणी में पास हुईं।

वहीं कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम भी अत्यंत उत्कृष्ट रहा, जहाँ विद्यालय ने 99.07 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। जाह्नवी ने 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सानिया ने 96.71 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान और संजना पगरानी ने 88.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 10वीं में कुल 108 छात्राओं में से 76 छात्राएँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं। साथ ही 17 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर गार्गी पुरस्कार हासिल किया, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता मीणा ने सभी छात्राओं को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक प्रतिफल है।

## टॉपर्स छात्राओं का सम्मान

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** बद्रीनारायण दरगड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हरमाड़ा में कक्षा 10वीं व 12वीं की प्रतिभावान छात्राओं के उत्कृष्ट परिणाम पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कक्षा 12वीं की 21 छात्राओं व कक्षा 10 की 4 छात्राओं को गार्गी पुरस्कार के योग्य परिणाम प्राप्त करने पर छात्राओ को सम्मानित किया. गांव में टॉपर्स छात्राओं की रैली निकाल हौसला बढ़ाया। भामाशाह श्यामसुंदर दरगड़, प्रेमचंद दरगड़, राजकुमार दरगड़, गोविंद काला, महावीर चौरडिया, महेन्द्र मेहता सहित एसडीएमसी सदस्य व प्रधानाचार्या मधुमती वैष्णव, मुक्ता दिवाकर, पूजा सैन, लतेश शर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। जगमाल गुर्जर ने प्रतिभावान छात्राओं को शील्ड, प्रमाण पत्र व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

### कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.बि/निर्माण.स्वी./2026/7158 **आम सूचना** दिनांक:27-3-26

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाइल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 221 | सुशीला कंवर पत्नि महिपाल सिंह राठौड़ | आबादी क्षेत्र पावर हाउस के पीछे भू.सं. 11 का पश्चिमी दिशा का हिस्सा प्रा.नं. 11-बी | 55.74 SQ.Yard | आवासीय |
| 222 | ताराचन्द लौहार पुत्र सम्पतराज लौहार | राजीव कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. 91,94 से 101 भू.सं. 45 का हिस्सा | 72.46 SQ.Yard | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

# कृष्ण नीति दर्शन का भव्य शुभारम्भ

■ समारोह मुख्य सानिध्य में संपन्न हुआ

**ब्यावर ( निसं )** श्री फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित ज्ञान से जीवन दिशा में सेवा, कृष्ण - नीति दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय संत श्री गोविंद देव गिरी जी महाराज के सानिध्य में श्री सीमेंट परिसर स्थित श्री रंगमंच पर कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ राष्ट्रीय संत श्री गोविंद देव गिरी जी महाराज के मुखारविंद से हुआ । इस अवसर पर श्री सीमेंट परिवार के बेणुगोपाल बांगड - मानद चेयरमैन, हरि मोहन बांगड - चैयरमेन उनकी धर्मपत्नी राजकमल बांगड, प्रशांत बांगड - वाइस चेयरमैन उनकी धर्मपत्नी रानू बांगड, विराज बांगड, विदूष बांगड व नीरज अखौरी - प्रबंध निदेशक मौजूद रहे । कार्यक्रम की शुरुआत में श्री गोविंद देव गिरी जी महाराज का श्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य बेणुगोपाल बांगड द्वारा माला पहनाकर व शॉल ओढाकर स्वागत अभिनंदन किया गया ।

श्री परिवार से हरिमोहन बांगड द्वारा श्री स्वामी जी का परिचय श्रद्धालुओं को करवाया गया, उन्होंने बताया कि श्री गोविंद देव गिरी जी महाराज की शिक्षाओं व व्यवहार को अपने व्यक्तिगत जीवन में उतारकर हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं । उन्होंने मंच पर विराजमान आध्यात्मिक, धर्म - भक्ति एवं हिंदुत्व के प्रतीक विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक स्वामी गोविंद देव गिरी जी को कोटि-कोटि प्रणाम किया और हार्दिक अभिनंदन किया । उन्होंने सभी को श्री परिवार की प्रगति के लिए धन्यवाद दिया और हार्दिक अभिनंदन किया।परिचय के पश्चात बांगड परिवार द्वारा भगवान श्री कृष्ण की पूजा व आरती की गई । महाराज श्री द्वारा कृष्ण नीति दर्शन के प्रारंभ में बताया गया कि श्री कृष्ण संपूर्ण है , श्री कृष्ण केवल एक ऐतिहासिक पुरुष नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पूर्ण कला और दिव्य दर्शन हैं, भगवान कृष्ण की नीतियां आज के आधुनिक युग में भी प्रासंगिक हैं। उनके अनुसार श्री कृष्ण का स्मरण करने से सभी दुख और भय दूर हो जाते हैं। महाराज श्री ने बताया कि संसार में रहना गलत नहीं है, बल्कि संसार को अपना मान लेना और स्वयं को माया का मान लेना गलती है। वे आध्यात्मिक और भौतिक जीवन के बीच संतुलन बनाने पर जोर देते है।स्वामी जी द्वारा भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का भजनों के माध्यम से वर्णन किया गया उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण ने मक्खन से लेकर कृष्ण का वध करने तक अपनी लीलाओं के माध्यम से संसार को अनेक संदेश दिए ।उन्होंने बताया कि वर्तमान युग में विश्व के भौगोलिक व सामाजिक दृष्टि में भगवान श्री कृष्ण व श्री हनुमान जी ही सर्वश्रेष्ठ है।

## चुनाव नहीं कराना सवैधानिक संस्थाओ पर हमला

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व विधानसभा प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार पर आक्षेप लगाया की पंचायत व नगरीय चुनाव नहीं कराकर संवैधानिक संस्थाओ पर हमला किया जा रहा है।

# राजस्थान उच्च न्यायालय का बड़ा निर्णय

**भीलवाड़ा।** माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर ने भीलवाड़ा स्थित वक्फ संपत्ति पर अवैध रूप से बनाए गए 'दाई हलीमा मैटरनिटी एंड जनरल हॉस्पिटल ट्रस्ट' के पंजीकरण को निरस्त करने का ऐतिहासिक आदेश दिया है। न्यायमूर्ति कुलदीप माथुर ने अहमद अली और मोहम्मद हारून लोहार द्वारा दायर रिट याचिका (एस.बी. सिविल रीट पीटिशन नं. 6267/2026) पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।

न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा 80 के अनुसार, इस अधिनियम के प्रावधान उन मुस्लिम वक्फ संपत्तियों पर लागू नहीं होते जो मुस्लिम वक्फ अधिनियम द्वारा शासित हैं।

अदालत ने सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग (अजमेर) द्वारा जारी आदेश और पंजीकरण प्रमाण पत्र दिनांक 02.02.2021, आयुक्त, देवस्थान विभाग (उदयपुर) द्वारा जारी आदेश दिनांक 20.03.2023 एवं सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग (अजमेर) द्वारा पारित संशोधित निर्णय दिनांक 22.07.2024 के आदेशों और दस्तावेजों को अवैध मानते हुए निरस्त कर दिया है। याचिकाकर्ताओं के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज भंडारी और अनिकेत टाटर ने दलील दी कि वक्फ संपत्ति (दरगाह गुल जी पीर) पर अवैध तरीके से ट्रस्ट बनाकर उसे देवस्थान विभाग में पंजीकृत कराया गया था, जो कि वक्फ अधिनियम और राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम के विरुद्ध था।याचिकाकर्ता मोहम्मद हारून लोहार के अनुसार, माननीय न्यायालय के इस आदेश के बाद अब - हॉस्पिटल के संचालन और देख-रेख हेतु राजस्थान वक्फ बोर्ड द्वारा 4 सितंबर 2024 को पारित प्रस्ताव (एजेंडा नंबर 16, प्रस्ताव संख्या 13/2024) को लागू किया जाएगा। वक्फ बोर्ड द्वारा भीलवाड़ा के स्थानीय मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों को मिलाकर एक नई वक्फ कमेटी का गठन किया जाएगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों के विरुद्ध संबंधित थानों में फौजदारी मुकदमा दर्ज कराने हेतु कानूनी सलाह ली जा रही है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि इस निर्णय के बाद कानून के अनुसार आवश्यक परिणाम प्रभावी होंगे।

## नानी बाई रो मायरो कथा कल से

**भीलवाड़ा।** चित्तौड़ रोड़ स्थित कमला विहार भीलवाड़ा में राधाकृष्ण मंदिर के पास वाले पार्क में 3 दिवसीय नानी बाई रो मायरों कथा 03 अप्रैल 2026 से 05 अप्रैल 2026 तक दोपहर 1 बजे से सांय 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। कथा वाचिका राधा स्वरूपा बाल व्यास सुश्री दीपा दाधीच भीलवाड़ा के मुखारबिन्द से कथा का वाचन होगा कथा आयोजक रामचन्द्र व्यास ने बताया कि कलश यात्रा 03 अप्रैल 2026 को प्रात: 09.15 बजे पटेल नगर 200 फिट रिंग रोड़ बालाजी से प्रारंभ होकर राधाकृष्ण मंदिर वाले पार्क में पहुंचेगी। जिसके पश्चात् कथा का प्रारंभ किया जायेगा।

### कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा(राजस्थान)

E-mail- ID- eombgbp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com भीलवाड़ा रोड रोडवेज बस स्टैंड के पास Telephone No- 01483-223079

क्रमांक / न0पा0गु0/कृषि भूमि/2026/राजकाज रेफरेन्स नम्बर दिनांक: यथाई-हस्ताक्षर

-आपत्ति आमंत्रण सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नामान्तरण/निर्माण स्वीकृति/कृषि भूमि नियमन के तहत् निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम खास / संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क्र. सं. | ऑन लाईन आवेदन क्रमांक व दिनांक | नाम आवेदक | भूखण्ड संख्या | साईज | क्षेत्रफल (वर्गगज) | कॉलोनी व भूखण्ड के पडौस | फाईल का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 164997 17.12.2025 | श्री अजीज मोहम्मद पुत्र हुसैन बक्ष नीलगर | 01 | 15X40 | 66.66 | गुलाबपुरा<br>पूर्व-प्लॉट नं. 01 का 1/2 भाग,सड़क<br>पश्चिम-कृषि भूमि स्थित<br>उत्तर- भूखण्ड नं. 03 स्थित<br>दक्षिण- आम रास्ता स्थित। | नामान्तरण |
| 2. | 22 06.03.2026 | श्रीमती अफसाना बानो पिंजारा पत्नि श्री असलम मोहम्मद | A-14 | 25X40 | 111.11 | मोतीनगर कॉलोनी गुलाबपुरा।<br>पूर्व- आम रास्ता 25 फीट स्थित<br>पश्चिम- भूखण्ड संख्या 19 स्थित<br>उत्तर- इसी भूखंड का 1/2 हिस्सा स्थित<br>दक्षिण-भूखण्ड संख्या 15 स्थित | विखण्डन |
| 3. | 103463 21.09.2024 | राधा देवी वैष्णव पत्नि पप्पू दास वैष्णव | 05 | 30X40 | 133.33 | गुलाबबाबा की धूणी, गुलाबपुरा<br>पूर्व- अन्य आराजी<br>पश्चिम- भूखण्ड संख्या 11 स्थित।<br>उत्तर- आम रास्ता 15 फीट।<br>दक्षिण- भूखण्ड नं. 06 स्थित। | नामान्तरण |
| 4. | 344630 09.02.2026 | रमेश धोबी पुत्र काना धोबी | 2-B<br>2-C | 10X23.11<br>10X23.11 | 25.67<br>25.67 | शिवचरण माथुर कॉलोनी, गुलाबपुरा<br>पूर्व-आम रास्ता 60 फीट चौड़ा स्थित<br>पश्चिम- 2 ए<br>उत्तर- भूखण्ड संख्या 5-जी-32 स्थित<br>दक्षिण- भूखण्ड संख्या 5-जी-30 स्थित | |
| 5. | 349669 05.03.2026 | श्रीमती पुष्पा देवी टेलर पत्नि चन्द्र प्रकाश टेलर | 06 | 25X46 | 127.77 | श्रीराम कॉलोनी, गुलाबपुरा<br>पूर्व- अन्य आराजी स्थित<br>पश्चिम- आम रास्ता<br>उत्तर- भूखण्ड संख्या 07 स्थित<br>दक्षिण- भूखण्ड संख्या 03 | कृषि |
| 6. | 06 09.03.2026 | श्री हरिश कुमार बैरवा पुत्र डाल चन्द बैरवा व श्रीमती जयश्री पत्नि हरीष बैरवा | 02 | 45X30 | 133.33 | पुराना जोरावरपुरा, गुलाबपुरा<br>पूर्व- श्री लवकुश बैरवा का प्लॉट<br>पश्चिम-मंदिर की भूमि स्थित<br>उत्तर- आम रास्ता स्थित<br>दक्षिण- श्री राजेश बैरवा का प्लॉट स्थित | 69-क |
| 7. | 18.03.2026 | श्रीमती रामू देवी पत्नि रामेश्वर लाल मेवाड़ा | | 35X37 | 143.88 | हुरड़ा रोड, भीलों का मौहल्ला, गुलाबपुरा<br>पूर्व- सड़क (आम रास्ता) स्थित।<br>पश्चिम-रामेश्वरलाल मेवाड़ा की जायदाद स्थित<br>उत्तर- आम रास्ता स्थित<br>दक्षिण- श्री रतना जी भील एवं राजू जी भील की जायदाद स्थित | नामान्तरण |
| 8. | 176717 13.03.2026 | श्री अर्जुन सिंह गहलोत पुत्र जीवराज गहलोत | 04 | 45X30 | 127.77 | महावीर कॉलोनी 2, गुलाबपुरा<br>पूर्व- भूखण्ड संख्या 05 स्थित।<br>पश्चिम-भूखण्ड संख्या 05 स्थित।<br>उत्तर- भूखण्ड संख्या 12 स्थित।<br>दक्षिण- आम रास्ता स्थित। | नामान्तरण |
| 9. | 177143 17.03.2026 | दानिश कुरैशी पुत्र शरीफ मोहम्मद | 07 | 25X50 | 138.88 | तेलीपाड़ा, गुलाबपुरा<br>पूर्व- भूखण्ड संख्या 05 स्थित।<br>पश्चिम-भूखण्ड संख्या 05 स्थित।<br>उत्तर- भूखण्ड संख्या 12 स्थित।<br>दक्षिण- आम रास्ता स्थित। | नामान्तरण |
| 10. | 176906 19.03.2026 | आशा पत्नि जयसिंह रावल | 19 | 25X40 | 111.11 | गोकुल विहार कॉलोनी, गुलाबपुरा<br>पूर्व- भूखण्ड संख्या 20 स्थित।<br>पश्चिम-भूखण्ड संख्या 18 स्थित।<br>उत्तर- अन्य आराजी स्थित।<br>दक्षिण- रोड 40 फीट स्थित। | नामान्तरण |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका गुलाबपुरा

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आज

■ सांसद दामोदर अग्रवाल की अध्यक्षता में 3 अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे जिला परिषद समिति कक्ष में आयोजित होगी। यह जानकारी कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने दी

**भीलवाड़ा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक सांसद दामोदर अग्रवाल की अध्यक्षता में 3 अप्रैल को प्रात: 11:30 बजे जिला परिषद समिति कक्ष में आयोजित होगी। यह जानकारी कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने दी।

**भीलवाड़ा की बेटी ने भरी सफलता की उड़ान:** प्रेम देवी की प्रेरणादायक कहानी, लखपति दीदी बनीं प्रेम देवी, स्वयं सहायता समूह से जुड़कर बदली आर्थिक स्थिति

भीलवाड़ा। ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर ठााम निम्बाहेड़ा खुर्द, बनेड़ा ब्लॉक की प्रेम देवी पत्नी पन्ना लाल गुर्जर आज 'लखपति दीदी' बनकर उभरी हैं। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मिली वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। प्रेम देवी गमटी वाले बाबा स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं, जो ठाामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत है। इनका सीएलएफ डाबला है तथा वीओ गुरूकृपा है। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई गई, जिससे उन्होंने पशुपालन कार्य प्रारंभ किया। वर्तमान में उनके पास 6 गायें एवं 10 से 12 भैंसें हैं, जिनसे दूध एवं गोबर बिक्री के माध्यम से प्रति माह 10 से 12 हजार रुपये की आय हो रही है। सरकारी योजनाओं के तहत मिले प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन ने उन्हें आय के विभिन्न स्त्रोत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में उन्होंने अपनी बेटी के लिए सिलाई सेंटर स्थापित करवाया, जिससे हर माह 15 से 20 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है तथा स्थानीय महिलाओं को भी प्रशिक्षण मिल रहा है। परिवार की आय में उनके पति का योगदान भी महत्वपूर्ण है, जो ट्रक चालक के रूप में प्रतिमाह लगभग 40 से 50 हजार रुपये अर्जित करते हैं।

### कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./SDRC/2026/02 **आम सूचना** दिनांक-02.04.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या-949 पर स्थित प्रेम नगर मिर्जा बावडी रोड मदनगंज किशनगढ़ के आवासीय (भूखण्ड संख्या-42 व 43 कुल क्षेत्रफल 400 वर्गगज में से विखण्डित भूखण्ड क्षेत्रफल 133.34 वर्गगज) पर 1. श्रीमती रेखा देवी पत्नि श्री सुरेश कुमावत 2. श्री रमेशचंद पुत्र श्री रामगोपाल 3. यूपेश यादव पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार यादव ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- 30 फीड का रास्ता
पश्चिम- भूखण्ड संख्या 02 व 03
उत्तर में- भूखंड संख्या 42 एवं 43 में से विखंडित भूखण्ड संख्या 42ए 43 पार्ट सी
दक्षिण- भूखण्ड संख्या 42 एवं 43 में से विखंडित भूखण्ड संख्या ए 43, 42 पार्टए

अत: उक्त उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नहीं होगी। - प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़